कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग
नैनीताल।

☎ :05942 –235079, 233764 Fax,235079, Email: eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांकः– 1201 18/MG दिनांकः–29/5/2019

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,
नैनीताल।

विषयः– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत सतोली से कफूड़ा तक मोटर मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/9471/2015 के संबंध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक 3408/13–सतोली दिनांक 24.05.2019

महोदय

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन में आपको अवगत कराया जाना है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित दो पैच एक साथ एक दूसरे से लगे हैं, जिस कारण इन पैचों का अलग–अलग डिजीटल मानचित्र तैयार नहीं किया गया है। आपको यह भी अवगत कराया जाना है कि चयनित स्थल दो पैंचों मध्ये कुल 9.231 हैक्टेयर भूमि इस खण्ड के अन्तर्गत दो मोटर मार्गो के क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए जिलाधिकारी नैनीताल के पत्रांक 1924/12–ज्येड.ए.सी0/2016 दिनांक 16.09.2016 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है, जिसका स्थल संयुक्त निरीक्षण दिनांक 05.10.2016 को कर के0एम0एल0 फाईल के अनुसार इस मोटर मार्ग हेतु लगे दोनों पैंचों मध्ये 5.976 हैक्टेयर का डिजिटल मानचित्र तैयार कर आनलाईन अपलोड किया गया है, इसलिए डिजीटल मानचित्र पैंचवार तैयार नहीं किया गया है, जिस कारण इसे पैंचवार अपलोड नहीं किया जा सका है। आपके द्वारा संदर्भित पत्र में जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त उपयोगिता प्रमाण पत्र अपलोड न किये जाने के संबंध में लिखा गया है, इस संबंध में अवगत कराया जाना है कि उपयोगिता प्रमाण पत्र हेतु जिलाधिकारी नैनीताल के कार्यालय में संबंधित सहायक से सम्पर्क स्थापित किया गया, तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उपयोगिता प्रमाण पत्र जिलाधिकारी स्तर से तैयार नहीं किया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा भूमि चयनित कर याचक विभाग को उपलब्ध करायी जाती है, तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र पर कार्यवाही याचक विभाग एवं वन विभाग के स्तर की है। महोदय खण्ड स्तर से पूर्व में तैयार उपयोगिता प्रमाण पत्र इस कार्यालय के पत्रांक 1056/18एम0जी0 दिनांक 08.05.2019 द्वारा आपको 3–3 प्रतियों में प्रेषित कर आन लाईन भी अपलोड किया जा चुका है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

29/05/19

(इं. धन सिंह कुटियाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल।

पत्रांकः– / दिनांकः– / /2019

प्रतिलिपि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, इंदिरानगर फारेस्ट कालोनी देहरादून. को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल।